an>

Title: Need to set up an Agriculture University in Ujjain, Madhya Pradesh.

प्रो. चिंतामणि मालवीय (उज्जैन): मेरा संसदीय क्षेत्र उज्जैन (मध्य प्रदेश) कृषि के दृष्टिकोण से काफी संभावनाओं वाला क्षेत्र है तथा यहाँ के किसान अपनी ग्रामीण जीवन शैली को ध्यान में रखते हुए कृषि कुशलता अभिवृद्धि हेतु एक मिशन की भांति कटिबद्ध हैं। कृषि एवं सम्बद्ध विज्ञानों की उच्च स्तरीय शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र के रूप में उज्जैन को विकसित करने हेतु यहाँ पर एक केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की अति आवश्यकता है। इसके माध्यम से कृषि सेवाओं का ज्ञान तथा अनुशंसित प्रौद्योगिकी का कृषकों, विस्तार कार्यकर्ताओं एवं विविध कृषि विकास कार्यक्रमों को काफी लाभ मिलेगा। उज्जैन के आस-पास के जिलों में भी अंगूर, सन्तरा, पपीता तथा बागवानी आदि का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है।

अतः मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे निवेदन को ध्यान में रखते हुए उज्जैन में जल्द से जल्द कृषि विश्वविद्यालय सथापित करने हेतु प्रस्ताव लायें जिससे मध्य प्रदेश सहित मेरे संसदीय क्षेत्र उज्जैन के किसानों को इसका पूर्ण रूप से लाभ मिल सके।